# बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम के वित्तीय निविदा समिति के बैठक की कार्यवाही

File No.- BMSIC/75030/20-2016/ NIT No.-BMSICL/Infra/28/2016

आज दिनांक 12/07/2017 को प्रबंध निदेशक, BMSICL की अध्यक्षता में वित्तीय निविदा समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी उपस्थित हुए:-

(1) श्री संजय कुमार सिंह, भा.प्र.से., प्रबंध निदेशक–सह–अध्यक्ष वित्तीय निविदा समिति, BMSICL, Patna
(2) श्री अनिल कुमार, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, स्वास्थ्य विभाग
(3) श्री हरीश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक, परियोजना, BMSICL, Patna
(4) श्री सुधीर कुमार, महाप्रबंधक वित्त, BMSICL, Patna
(5) श्री रवीश किशोर, वरीय उपसमाहर्ता, प्रतिनिधि कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति
(6) श्री संजीव रंजन, महाप्रबंधक, परियोजना एवं निरूपण, BMSICL, Patna

इस बैठक में निम्न कार्य के वित्तीय निविदा पर विचार–विमर्श किया गया:-

1. **कार्य का नाम– अनुमंडलीय अस्पताल बनमनखी, जिला पूर्णियां में ए.एन.एम. ट्रेनिंग स्कूल एवं छात्रावास भवन का निर्माण कार्य (निविदा सूचना संख्या –28/2016, ग्रुप 9, बी.ओ.क्यू. राशि 5,85,81,146)**:–इस कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना संख्या BMSICL/Infra/28/2016, दिनांक 03/08/2016 के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गई जिसमें कुल आठ निविदाएँ प्राप्त हुई।

तकनीकी निविदा समिति की बैठक दिनांक 07/04/2017 (कार्यवाही अनुलग्न) में इस कार्य हेतु पाँच निविदादाता की निविदा को Responsive मानते हुए वित्तीय निविदा खोलने की अनुशंसा की गई। उक्त के आलोक में दिनांक 02/05/2017 को संवेदक की वित्तीय निविदा ई–प्रोक के वेबसाईट पर खोली गई।

वित्तीय निविदा खोले जाने के पश्चात तुलनात्मक विवरणी के आधार पर इस कार्य हेतु निम्न दो निविदादाताओं का न्यूनतम निवेदित राशि रूपये 5,27,23,031.41 (पाँच करोड़ सताईस लाख तेइस हजार एकतीस रूपया एकतालिस पैसा मात्र) अर्थात बी.ओ.क्यू. की राशि से 10.00 प्रतिशत कम पाया गया।

1. बमबम कुमार सिंह, सौर बाजार, सहरसा
2. राधिका रमण राय, फ्रेंड्स कॉलोनी, आशियाना नगर, पटना

उपर्युक्त वर्णित दो निविदादाताओं का दर बराबर पाए जाने के कारण वित्तीय निविदा समिति की बैठक दिनांक 17/05/2017 में PWD कोड के नियम 163 के तहत संवेदकों के बीच लॉटरी आयोजित कर कार्य आवंटन करने का निर्णय लिया गया (कार्यवाही अनुलग्न)।

उक्त के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक BMSIC/75030/20-2016/1037 दिनांक–30/06/2017 द्वारा दिनांक 12/07/2017 को लॉटरी हेतु उपस्थित होने का अनुरोध किया गया। दिनांक 12/07/2017 को लॉटरी हेतु राधिका रमण राय उपस्थित हुए परंतु श्री बमबम कुमार सिंह द्वारा सूचित किया गया कि वे अपरिहार्य कारणवश उपस्थित नहीं हो सकते हैं एवं उनके अनुपस्थिति में लॉटरी आयोजित की जाए। उक्त के आलोक में प्रबंध निदेशक, BMSICL के कक्ष मे



5th floor, Biscomaun Bhavan, Gandhi Maidan, Patna 800 001
Phone: +91 612 2219634; Fax: +91 612 2219635
www.bmsicl.gov.in

अपराहन 5:00 बजे उपस्थित संवेदक के बीच दो न्यूनतम निविदादाता के बीच लॉटरी का आयोजन किया गया जिसमें **बमबम कुमार सिंह, सौर बाजार, सहरसा** सफल हुए (लॉटरी की कार्यवाही अनुलग्न)।

**अतः इस कार्य का आवंटन न्यूनतम निविदादाता एवं लॉटरी विजेता बमबम कुमार सिंह, सौर बाजार, सहरसा को बी.ओ.क्यू. की राशि से 10.00% (दस दशमलव शून्य शून्य प्रतिशत) कम यथा कुल राशि रूपये 5,27,23,031.41 (पाँच करोड़ सताईस लाख तेइस हजार एकतीस रूपया एकतालिस पैसा मात्र) पर आवंटित करने का निर्णय लिया गया।**

उपर्युक्त वर्णित कार्य के संबंध में समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि वित्तीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय/e-proc के वेबसाईट पर रखा जाए एवं दिनांक 25/7/17 के अपराहन 5 बजे तक उपर वर्णित निविदा से संबंधित किसी प्रकार के अभ्यावेदन/आपत्ति प्राप्त होती है तो पुनः वित्तीय निविदा समिति के समक्ष रखी जाए। निर्धारित तिथि एवं समय तक कोई अभ्यावेदन/आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर नियमानुसार संबंधित प्रथम न्यूनतम निविदादाता एवं लॉटरी विजेता को कार्य आवंटन का Letter of Acceptance निर्गत किया जा सकता है।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

अनुलग्नक 1–वित्तीय निविदा समिति की बैठक दिनांक 17/05/2017 की कार्यवाही एवं लॉटरी की कार्यवाही।

| | | |
|---|---|---|
| 12/7/17<br>(संजीव रंजन)<br>महाप्रबंधक, (परि. एवं निरू.)<br>BMSICL, Patna | (रवीश किशोर)<br>वरीय उपसमाहर्ता<br>राज्य स्वास्थ्य समिति | 12.7.17<br>(सुधीर कुमार)<br>महाप्रबंधक, (वित्त)<br>BMSICL, Patna |
| 12.7.17<br>(हरीश कुमार)<br>मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना)<br>BMSICL, Patna | (अनिल कुमार)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार<br>स्वास्थ्य विभाग | 12/7/17<br>(संजय कुमार सिंह, भा.प्र.से.)<br>प्रबंध निदेशक<br>BMSICL, Patna |

आज दिनांक 12/07/2017 को अपराह्न 5:00 बजे निविदा आमंत्रण सूचना संख्या NIT No.-BMSICL/Infra/28/2016 के ग्रुप संख्या–09 **अनुमंडलीय अस्पताल, बनमनखी, जिला–पूर्णिया में ए.एन.एम. ट्रेनिंग स्कूल एवं छात्रावास भवन का निर्माण कार्य** हेतु सभी संवेदकों द्वारा समान दर होने के कारण लॉटरी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न सभी संवेदक भाग लिए:–

(1) बंमबंम कुमार सिंह, सौर बाजार, सहरसा
(2) राधिका रमण राय, फ्रेन्ड्स कॉलोनी, आशियाना नगर, पटना Radhika Raman Rai

आज सभी संवेदकों एवं निविदा समिति के सदस्यों की उपस्थिति में लॉटरी का आयोजन किया गया जिसमें लॉटरी विजेता के रूप में संवेदक बमबम कुमार सिंह, सहरसा का चयन किया गया।

घोषणाः– हम संवेदक यह घोषणा करते हैं कि लॉटरी की प्रक्रिया से सहमत है एवं फलाफल को स्वीकार करतें हैं। भविष्य में इस निविदा में किए गए लॉटरी प्रक्रिया के संबंध में मेरे द्वारा कोई अन्य दावा मान्य नहीं होगा।

(1) बंमबंम कुमार सिंह, सौर बाजार, सहरसा

(2) राधिका रमण राय, फ्रेन्ड्स कॉलोनी, आशियाना नगर, पटना Radhika Raman Rai